Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006
Participants : Mann Sardar Zora Singh

an>

Title : Need to provide compensation to the farmers of Ferozepur Parliamentary Constituency who suffered losses due to laying of land mines by the Army on their land in 1999.

श्री जोरा सिंह मान (फिरोज़पुर) : महोदय, र्वा 1999 में भारतीय फौज ने पाकिस्तान के साथ तनाव की स्थिति में हिंद-पाक सरहद के साथ-साथ जंगी तैयारियां की थीं जिससे सरहद तथा सरहद पर बसे लोगों का बहुत नुकसान हुआ था। मेरा लोकसभा क्षेत्र फिरोजपुर पंजाब क्योंकि बार्डर के साथ-साथ है इसलिए यहां भारतीय फौज की तरफ से माइन्स बिछाये गये थे। इस कारण किसानों की फसलें बरबाद हो गयी थीं और कई साल बिजाई भी नहीं हो सकी। केन्द्र सरकार ने इन किसानों को मुआवजा देने का एलान किया था जो इन किसानों को पूरी तरह नहीं मिला।

महोदय, कई किसानों का जान-माल का नुकसान भी माइन फटने से हुआ था। कुछ किसानों के अंग कट गये थे, उनको भी मुआवजा नहीं मिला। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इन किसानों को जल्दी से जल्दी मुआ वजा दिया जाये।